तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

11 गांव बिचपड़ी में 22 सितंबर से चल रहे शतचंडी...

12 वरिष्ठजनों की कड़ी मेहनत और निःस्वार्थ बलिदान ने...


## खबर संक्षेप


सोनीपत। शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विश्व वृद्ध दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सोनीपत।** रेलवे हाई राइज सोसायटी सोनीपत में विश्व वृद्ध दिवस के अवसर पर एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना था। इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत 100 से अधिक मरीजों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। विशेष रूप से डायबिटीज़, ब्लड प्रेशर (बीपी), एलर्जी और अन्य आयु-संबंधी रोगों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी मरीजों को जांच के उपरांत निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गई। शिविर का संचालन नवरेखा नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. मोहित गोयल ने किया गया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

### स्थापना दिवस पर प्रस्तुत की कविताएं

**सोनीपत।** सक्षम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश, राजवीर, अनूप उपस्थित रहे। सक्षम संगठन की पूरी टीम अजय, दीपक, कृष्ण, जोगिंदर, निशांत, सुनील, राजेश, रामचंद्र, कपिल, सोनल, शीतल, मोनिका उपस्थित रहे। बच्चों ने आज विजयदशमी के अवसर पर गांधी जयंती के अवसर पर भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे कविताएं प्रस्तुत की नृत्य प्रस्तुत किए।

### संदिग्ध हालात में 57 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**सोनीपत।** जिले के सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 57 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान भवापुर निवासी योगेंद्र के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में किसी तरह की चोट या बाहरी हिंसा के निशान नहीं मिले है। मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

---

कामी रोड, सेक्टर 15 हुडा ग्राउंड, नई अनाज मंडी में प्रमुख रूप से मनाया गया दशहरा पर्व

# रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की हुई जीत

**पहले मंचन के दौरान भगवान श्रीराम और रावण का युद्ध दिखाया गया**

**सोनीपत।** जिलेभर में विजयादशमी का पर्व इस बार भी धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व शाम को रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों के दहन के साथ संपन्न हुआ। शहर के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला सभा द्वारा 52 फीट ऊंचे रावण, 45 फीट के मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। इससे पहले मंचन के दौरान भगवान राम और रावण का युद्ध दिखाया गया, जिसमें भगवान राम ने बाण से रावण का अंत कर दिया।



### पुतलों की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत

*मुख्य कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पुतलों की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी तरह सेक्टर-15 स्थित हुडा ग्राउंड, नई अनाज मंडी, सहित प्रमुख स्थानों पर भी रावण दहन हुआ। दशहरा पर्व से पहले शहरभर में धार्मिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों, डीजे और भक्तिमय धुनों के साथ निकली इस शोभायात्रा में हनुमान जी के स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र बने। कई भक्तों ने 40 दिन का व्रत धारण कर हनुमान का रूप धरा और रामलीला मंचन के साथ रावण दहन में भाग लिया। शोभायात्रा मॉडल टाउन, सुभाष चौक, ओल्ड डीसी रोड और सेक्टर-15 से होती हुई विभिन्न स्थलों पर पहुंची।*

### अवशेष उठाने को दौड़े लोग

*दशहरा पर्व पर इस बार भी लोग रावण को जलाने व नीचे गिरने के बाद उनकी जली हुई अस्थियां उठाने के लिए दौड़ पड़े। लोगों ने रावण की अस्थियां उठाने के लिए सुरक्षा के घेरे को भी तोड़ दिया। लकड़ियां लेने के बाद लोग अपने गंतव्य को रवाना हो गए। माना जाता है कि रावण की अस्थियों को घर में रखने से बुरी आत्माएं घर में प्रवेश नहीं करती। घर में सुख-शांति का वास रहता है।*

### यहां पर भी हुआ दहन

*शहर में मॉडल टाउन स्थित फ्रेंड्स पार्क, आईटीआई चौक के पास, सेक्टर-13 पार्क, आठ मरला, गढ़ी घसीटा, एटलस रोड, कालूपुर चुंगी पर भी 10 से 20 फीट तक के रावण का दहन किया गया। दोपहर को रावण के पुतलों का मंत्रोच्चारण से पूजन किया गया। शाम 6 बजे के बाद भगवान श्रीराम का स्वरूप धरे बच्चों ने अग्निबाण से रावण के पुतलों का दहन किया गया।*

---

**मौसम की मार:** बारिश से धान की खरीद प्रभावित, किसानों की बढ़ी परेशानी

# मंडी में फसल पर फिर से तिरपाल आए नजर, बूंदाबांदी ने बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**बारिश के चलते फसल के भावों में भी आई गिरावट**

*मौसम खराब होने के चलते खरीद प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई और करीब तीन हजार क्विंटल धान बिना बिके मंडी में पड़ा रह गया।*

खरीफ सीजन में बदला मौसम किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। बृहस्पतिवार को दोपहर के समय हुई रुक-रुक कर बारिश ने न केवल खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचाया बल्कि अनाज मंडी में पहुंचा धान भी भीग गया। इससे खरीद प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई और करीब तीन हजार क्विंटल धान बिना बिके मंडी में पड़ा रह गया। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही वर्षा के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को हुई बारिश के बाद ही मंडी की स्थिति बिगड़ गई थी। उस दिन खरीदारों ने कई ढेरियों की बोली तक रद्द कर दी थी। बुधवार को मौसम साफ होने से किसानों को उम्मीद जगी थी, लेकिन धान में अधिक नमी होने के कारण भाव नीचे खिसक गए। बृहस्पतिवार को फिर हुई वर्षा ने किसानों की उम्मीदों को तोड़ दिया। किसानों ने तिरपाल डालकर धान को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नमी के चलते राहत नहीं मिल पाई।


सोनीपत। मौसम खराब होने के चलते मंडी में फसल पर डाला गया तिरपाल। फोटो : हरिभूमि

### आढ़ती बोले

आढ़ती संजय वर्मा का कहना है कि मौसम सुधरने पर ही स्थिति सामान्य हो पाएगी। किसानों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि वर्षा का सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो फसल और बाजार भाव दोनों पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### बारिश ने गिराया भाव

धान की किस्म 1509 का भाव मंगलवार से पहले 3201 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया था और अनुमान था कि यह 3300 से 3400 रुपये प्रति क्विंटल तक जाएगा। मगर वर्षा ने भावों को नीचे गिरा दिया। हाथ से कटाई कर लाए धान का अधिकतम भाव 3150 रुपये रहा, जबकि मशीन से कटे धान का भाव केवल 2901 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

### अभी तक शुरू नहीं पीआर की खरीद

पीआर धान की खरीद को लेकर स्थिति और गंभीर बनी हुई है। 22 सितंबर से पोर्टल खुला हुआ है, लेकिन खरीद अब तक शुरू नहीं हो सकी। शुरू में नमी की वजह से खरीद टल गई और बाद में आढ़तियों ने भी हाथ खींच लिया। अब फैसला लिया गया है कि खरीद सीधे एजेंसियां करेंगी, लेकिन बारिश और धान में बढ़ी नमी के चलते प्रक्रिया फिलहाल ठप है। किसानों को मजबूरन धान सुखाना पड़ रहा है ताकि आगे की बिक्री संभव हो सके।

---


खरखौदा। निजी बस ऑपरेटर से बस पास के बारे में पूछती महिला।

# निजी बस ऑपरेटरों की मनमानी बस पास को नहीं दे रहे मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

सोनीपत, रोहतक सहित विभिन्न रूटों पर चलने वाली निजी ऑपरेटरों की बसों में बस पास मानने से मना करने पर छात्रों व बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। छात्राओं का कहना है कि विभिन्न मार्गों पर विशेषकर रोहतक रूट पर सरकारी बस सेवाएं सवारियों की तुलना कम हैं। इस कारण निजी बसों में जाना पड़ता है।

निजी बस चालक पास को मानने से मना कर रहे हैं। इसी तरह से बुजुर्गों को जो राहत दी हुई है, उसे नहीं मान रहे हैं। उन्हें परेशान होकर निजी बस चालकों को पास होते हुए भी किराया देना पड़ रहा है। जिस समय निजी बस आपरेटरों को परमिट जारी किए गए थे, उस समय निर्देश थे कि सरकारी सभी हिदायतों का मानना पड़ेगा। लेकिन अब नहीं मान रहे है। खरखौदा में निजी बस संचालक से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पास को लेकर कोर्ट में केस है। इस बीच में कुछ समय तक बस पास मानने से इंकार किया गया था। लेकिन फिर से उन्हें मान्य करार दिया जा गए हैं। वैसे 9 तारीख को जा फैसला आएगा, वही मान्य होगा। इस बारे में हरियाणा रोडवेज जीएम संजय कुमार ने बताया कि निजी बस चालकों की कथित मनमानी की शिकायते मिल रही हैं। जांच के बाद ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

### महीने भर नहीं चल पाए विधायक के आदेश

खरखौदा शहर के अंदरूनी हिस्से से निजी बसें गुजरती हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों ने विधायक पवन खरखौदा के सामने आवाज उठाई थी। विधायक पवन ने निर्देश दिए थे कि सभी बस दिन के समय बाईपास से जाएंगी। आर.टी.ए की तरफ से लिखित आदेश भी जारी किए थे। ट्रेफिक पुलिस ने कुछ दिनों के लिए बसों को बाईपास से भेजा। लेकिन विधायक के ये निर्देश एक महीना भी नहीं चल पाए। अब फिर से निजी ऑपरेटरों की बसें शहर के भीतरी हिस्से से गुजर रही हैं। जो यातायात के अवरुद्ध होने का कारण बन रही है।

---

### प्रताप स्कूल की तमन्ना ने जीता स्वर्ण पदक

खरखौदा। प्रताप स्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तमन्ना ने 38 वीं हरियाणा जूनियर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप की शॉटपुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय लौटने पर उनका भव्य स्वागत द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, प्राचार्या दया दहिया, तमन्ना की माता मुनेश और कोच रमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रधान वेदप्रकाश दहिया और संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने भी तमन्ना को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि तमन्ना एक बेहतरीन खिलाड़ी है। जिन्होंने पहले भी साउथ एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता है और विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह तीन बार राष्ट्रीय पदक भी जीत चुकी हैं। कोच रमेश कुमार ने बताया कि तमन्ना के स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका चयन राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए हो गया है। तमन्ना की माता मुनेश ने कहा कि तमन्ना की उपलब्धि स्कूल की मेहनत, शिक्षकों और कोचिंग स्टाफ की लगन का परिणाम है।



खरखौदा। पदक विजेता का स्वागत करते हुए प्रताप स्कूल प्रबंधन

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी इकाई ने 27 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत के मार्गदर्शन तथा कॉलेज की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन नीतू नसीयर दूहन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज कैडेट्स ने विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्वच्छता जागरूकता भाषण एवं ऑनलाइन शपथ ग्रहण, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सफलता में एसयूओ नोविका, यूओ शिवानी, क्वार्टर मास्टर सार्जेंट अर्जु, सार्जेंट शीतल एवं सार्जेंट नेहा ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने सभी के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनीता गोयल, डॉ. ममता, डॉ. पारुल, डॉ. मीना एवं सहायक प्रोफेसर रितिका ने कैडेट्स को प्रोत्साहित किया।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

# पुलिस टीम पर बाप-बेटे ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**पुलिस टीम वहां सोशल मीडिया पर हथियार की फोटो पोस्ट करने के मामले में जांच करने गई थी**

क्राइम यूनिट सेक्टर-27 के कार्यकारी प्रभारी और उनकी टीम पर सेक्टर-14 में बाप-बेटे ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस टीम वहां सोशल मीडिया पर हथियार की फोटो पोस्ट करने के मामले में जांच करने गई थी। क्राइम यूनिट सेक्टर-27 के कार्यकारी प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि वह हवलदार सुमित के साथ सेक्टर-14 स्थित एक घर पर पहुंचे थे। उन्हें जानकारी मिली थी कि सोशल मीडिया पर एक युवक की हथियार के साथ तस्वीर वायरल हुई है। इस मामले की जांच के लिए पुलिस ने अंकित नामक युवक से पूछताछ की, जिसने बताया कि हथियार तुषार नामक युवक का है। इसके बाद पुलिस टीम अंकित के साथ तुषार के घर पहुंची। पूछताछ के दौरान तुषार के पिता नरेंद्र से बातचीत की जा रही थी कि तभी तुषार वहां उपस्थित हो गया। नरेश का आरोप है कि जब पुलिस ने तुषार से हथियार और लाइसेंस दिखाने को कहा, तो उसने हथियार और लाइसेंस लेकर आए, लेकिन वे दस्तावेज मिलान नहीं हो पाए। इसी बात को लेकर तुषार ने नरेश कुमार पर हमला कर दिया। नरेश ने बताया कि उनका सरकारी और निजी मोबाइल तथा जरूरी दस्तावेज छीन लिए गए। उन्होंने भागकर जान बचाई। वह भाग रहे थे तो पिस्तौल का बटन दबने की आवाज सुनाई दी, गनीमत रही कि हथियार में मैगजीन नहीं थी, वरना हादसा गंभीर रूप ले सकता था।

### ढील नहीं बरती जाएगी: डीसीपी

डीसीपी क्राइम सोनीपत नरेंद्र कादियान ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने वाले बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने भी पुलिस टीम को सुरक्षित जांच के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

आरएसएस ने आयोजित किए कार्यक्रम, पथ संचलन भी हुआ

# 63 कार्यक्रम आयोजित कर मनाया स्थापना शताब्दी वर्ष


सोनीपत। पथ संचालन के दौरान उपस्थित आरएसएस के सदस्यगण। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने स्थापना शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी के अवसर पर सोनीपत जिले के हर उपनगर और मंडल स्तर पर 63 कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें भव्य पथ संचलनों के कार्यक्रम आयोजित रहें। यह पथ संचलन सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, राई, दातौली, मुरथल, कुंडली, खानपूर, मोहाना, सहित सभी 63 ईकाईयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इन कार्यक्रमों में स्वंयसेवकों के साथ-साथ हजारों लोगों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन से हुई। पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों में अनुशासन, समता, सामूहिकता, समरसता और राष्ट्रप्रेम का भाव देखने को मिला। सहप्रांत कार्यवाह राकेश त्यागी ने कहा कि जिस प्रकार भगवान बाल्मिकी ने समाज जिस प्रकार सामाजिक समरसता का निर्माण किया हम सबकों उन सबके मार्ग का अनुशरण करना चाहिए। उन्होने कहा कि संघ के 100 वर्षों में व्यक्ति निर्माण, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय निर्माण और सेवा को विशेष महत्व दिया गया है। सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसे सही ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वयंसेवकों से अपील की गई कि वे समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करें, क्योंकि उनके आचरण से ही समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस के विचारों को आत्मसात करने और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने में स्वयंसेवकों की भूमिका अहम होने का आग्रह किया। उनका कहना था कि भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा है और संघ की नित्य शाखा से व्यक्ति निर्माण होता है, जिससे एक विकसित और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। संकट के समय स्वयंसेवक आगे बढ़कर समाज सेवा में योगदान देते रहे हैं।

### शताब्दी समारोह के कार्यक्रम

**इस दशहरे से अगले दशहरे तक देश में ये कार्यक्रम होंगे**

- **विजयादशमी उत्सव** : मंडल और बस्ती स्तर पर गणवेश वाले स्वयंसेवक व उनके परिवारों की भागीदारी। देशभर में 2 अक्टूबर से, बंगाल में महालया से शुरुआत।
- **गृह संपर्क अभियान** : हर घर जाकर 15 मिनट संघ की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम तीन सप्ताह तक चलेगा।
- जन गोष्ठियां : मजदूर यूनियन, ऑटो चालकों और प्रबुद्ध वर्ग के बीच संवाद।
- हिंदू सम्मेलन : नगर और खंड स्तर पर सामाजिक वर्गों को जोड़ने वाले सम्मेलन। पहले 1989 और 2006 में हुए थे।
- सद्भाव बैठकें : 1 माह प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थाओं व संतों की सहभागिता।
- युवा सम्मेलन : 15-40 वर्ष के युवाओं के लिए सम्मेलन, जिसमें खेल-कूद भी।
- शाखा विस्तार : एक सप्ताह सुबह और शाम की शाखाओं का देशभर में विस्तार।

**1925 में हुई स्थापना:** संघ का उद्देश्य भारतवर्ष को पुनः परम वैभव पर ले जाना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी।

# खरखौदा में संघ का स्थापना दिवस मना



**खरखौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्थापना दिवस खरखौदा में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदन के साथ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने संघ की परंपरागत प्रार्थना की। संघ के प्रांत प्रचारक प्रमुख राजेश ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य और देशहित में निभाई जा रही भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री सूर्यनाथ महाराज ने कहा कि संघ समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करता रहा है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने विशेष रूप से महापुरुषों की शिक्षाओं का स्मरण करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। स्थापना दिवस पर स्वदेशी नागरिक, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन तथा नागरिक कर्तव्य जैसे पाँच महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छता से ही हम पर्यावरणीय संतुलन बनाए रख सकते हैं। स्वयंसेवकों ने शहर की परिक्रमा करके पथ संचलन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ. सतीश कुमार खंड कार्यवाह खरखौदा ने किया। कार्यक्रम में पथ संचलन से पहले शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा, डॉ अनिल दहिया, सह जिला कार्यवाह जयदीप, पलविंद्र, सह खंड कार्यवाह स्वीन, बौद्धिक प्रमुख प्रवीण, शारीरिक प्रमुख राजेश, प्रचार प्रमुख सतपाल समेत गणमान्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत

रजनी अरोड़ा





बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1 दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2 गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3 रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173



1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

## लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

कविता

डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मकान के बाहर से बाइक चोरी, केस

**सोनीपत।** पुराना शहर क्षेत्र के हलवाई हट्टा से मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। शिकायतकर्ता रुपक कुच्छल पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास पल्सर बादक है। गत 17 सितंबर की रात को बाइक घर के सामने खड़ी की थी। लेकिन अगले दिन वे बाहर निकले तो वहां से गायब मिली।

### रेलवे स्टेशन से युवक का पर्स चोरी, शिकायत दर्ज

**सोनीपत।** जिले में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। ताजा मामला रेलवे स्टेशन सोनीपत से सामने आया है, जहां प्लेटफार्म नंबर-2 से एक युवक का पर्स अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पीड़ित की शिकायत पर राजकीय रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जुआं निवासी विरेंद्र ने बताया कि वह गुरुग्राम में नौकरी करता है और बीते दिन वह घर लौट रहा था।

### ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव टिकौला में एक ग्रामीण पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राजकिशन ने अपने पड़ोसी सुभाष के खिलाफ मुरथल थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना उस समय हुई जब सुभाष और राजकिशन के बीच किसी निजी विवाद को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सुभाष ने हाथ में हथियार लेकर राजकिशन पर हमला किया।

### घर के सामने फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने घर के सामने फायरिंग करने की वारदात में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित की पहचान संदीप उर्फ टकला निवासी गांव रसुलपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कारतूस का खाली खोल भी बरामद किया है। थाना मुरथल पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता अक्षय पुत्र जयकुमार निवासी गांव धतूरी ने 1 अक्तूबर 2025 को थाने में शिकायत दी थी।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने छात्रा से की छेड़खानी, केस दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल के एक शिक्षण संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा छात्रा से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कर्मचारी हर्ष पर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। शिकायत में बताया कि संस्थान में काम करने वाला कर्मी हर्ष समय-समय पर अनुचित व्यवहार करता रहा है।

### रेस्टोरेंट में हथियारबंद हमले के आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने रेस्टोरेंट में घुसकर तेजधार हथियारों, बिट्टों और डंडों से मारपीट करने और तोड़फोड़ करने वाली घटना में दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विशाल और ईशान, दोनों निवासी जवाहर नगर सोनीपत हैं। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### झपट्टा मारने के आरोप में दो महिला गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने केएमपी हाईवे पर गाड़ी रुकवा कर झपट्टा मारकर चैन छीनने की कोशिश करने वाली दो महिला आरोपितो को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिलाओं की पहचान नजफगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम की रहने वाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संकल्प लिया

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में स्वदेशी सप्ताह उत्साह एवं देशभक्ति भाव से मनाया गया। शुभारंभ प्राचार्य अश्विनी कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वदेशी वस्तुएं खरीदकर देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

---

### बीएसटी रावण दहन कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र, जनता स्कूल खेल मैदान में नपा अध्यक्ष अरुण पहुंचे मुख्यातिथि

# भगवान श्रीराम के आदर्श समाज के लिए अनुकरणीय

**सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने व्यवस्था संभाली**

## भव्य झांकियां निकाली जिन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विजयदशमी के पावन पर्व पर गन्नौर शहर में काफी लंबे समय बाद दो स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम हुआ। रावण दहन के कार्यक्रम में शहर की सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने व्यवस्था संभाली। रावण दहन का कार्यक्रम बीएसटी के मैदान व जनता स्कूल के खेल मैदान में हुआ। दोनों स्थानों पर काफी संख्या में लोग शामिल होकर बुराई पर अच्छाई की जीत के इस प्रतीकात्मक पर्व के साक्षी बनें। रावण दहन से पूर्व भव्य शोभायात्रा के साथ निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोहा। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी रामायण से जुड़े प्रसंगों और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देंगे। बीएसटी के मैदान में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवेंद्र कादियान (विधायक गन्नौर) व समाजसेवी प्रेमचंद गोयल ने शिरकत की। विधायक कादियान ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, भगवान श्रीराम के आदर्श आज के समाज के लिए अनुकरणीय हैं और हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर एक सभ्य और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इससे पहले शहर में भव्य झांकियां भी निकाली गईं, जिन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। महोत्सव समापन पर लायंस क्लब अध्यक्ष भावना जाग्या और गन्नौर वेलफेयर प्रधान चिरंजी लाल चांदना ने विधायक कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजकों ने इस दौरान सभी सहयोगियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।


गन्नौर। बीएसटी के मैदान में रावण दहन व जनता स्कूल मैदान में दहन होते हुए।



#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जज मानसी गौड़, हरीश वाधवा, अंकित मल्होत्रा, डा. मनोज कुमार, विक्रांत हांडा,प्रेम गोयल, नीरज जाग्या, डिंपी मल्होत्रा, शालू वाधवा, चारू चांदना, गीता चुग्घ, तरूण चुग्घ समेत क्लब और ट्रस्ट के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौके पर मुस्तैद रहा।कार्यक्रम को सफल गन्नौर वैलफेयर ट्रस्ट और लायंस क्लब गन्नौर गौरव के पदाधिकारी ने बनाया। दशहरा महोत्सव के दौरान राम-रावण युद्ध की झांकी और रावण दहन विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम संयोजक अंकित मल्होत्रा, हरीश वाधवा मुख्य संरक्षक लायंस क्लब गन्नौर गौरव, अंकित मल्होत्रा, भावना नीरज जग्या, डा० मनोज कुमार प्रिंसीपल जैन गलर्स कॉलेज ने विधायक कादियान का स्वागत किया ।

#### बुराई पर अच्छाई की जीत

बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पर्व जनता स्कूल के खेल मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम हुआ नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दशहरा महोत्सव के संयोजक रजत हाण्डा तथा सह-संयोजक श्री राजीव राय के नेतृत्व में आयोजन को सफल बनाने में लायंस क्लब गन्नौर, सावन ज्योत महोत्सव गन्नौर, भारत विकास परिषद (गन्नौर शाखा) तथा रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर की अहम भूमिका रही। विशेष आकर्षण रावण दहन का भव्य आयोजन, राम-रावण युद्ध की झांकी, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही। शाम 6:45 बजे रावण दहन हुआ ।

## दशहरा अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

**सोनीपत।** विजयादशमी के पर्व पर वीरवार को विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली विजयादशमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी भक्तों को विजयादशमी के पर्व की शुभकामनाएं दी और शोभा यात्रा में दिव्य हनुमान स्वरूप महाराज से आशीर्वाद लिया। विधायक निखिल मदान ने सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर शिव मंदिर सिक्का कालोनी द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवम विजयादशमी महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि दशहरा का त्यौहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है ।


सोनीपत। हनुमान स्वरूप से आशीर्वाद लेते विधायक निखिल मदान। *फोटो :हरिभूमि*

#### कई कार्यकर्मो में शिरकत की

इसके उपरांत विधायक निखिल मदान ने शहर में विभिन्न जगहों पर सेक्टर 15 हुड्डा ग्राउंड, रामलीला मैदान कामी रोड,कालूपुर गांव, नई अनाज मंडी में किये जा रहे रावण दहन कार्यकर्मो में भी शिरकत की। विधायक निखिल मदान ने शहर में गांधी चौक पर भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित पौधारोपण और स्वच्छता अभियान में भाग लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर याद किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


सोनीपत। हनुमान स्वरूप के साथ भाजपा महामंत्री तरुण देवीदास। *फोटो :हरिभूमि*

#### दशहरा पर्व मनाया

सोनीपत। श्री राम दल हनुमान सभा, 4-मरला, सोनीपत द्वारा आयोजित श्रीराम विवाह महोत्सव एवं दशहरा समारोह का समापन धार्मिक श्रद्धा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह का प्रमुख आकर्षण श्रीराम विवाह शोभायात्रा और दशहरा पर्व रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि तरुण देवीदास, जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, सोनीपत ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने मंच से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं और नई पीढ़ी को हमारी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

#### सच्ची भक्ति से जीवन सफल : विष्णु

**खरखौदा।** श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुजन भक्ति रस में डूबकर श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज जी की दिव्य अमृतमयी वाणी का रसपान करते रहे। गुरुवार को कथा में महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया। उन्होंने माखन चोर लीला, दामोदर लीला, कालिया नाग मर्दन तथा गोवर्धन पर्वत उठाने की लीलाओं के माध्यम से भक्तों को रसपूर्ण कथा सुनाई। महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की एकनिष्ठ भक्ति करने का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची भक्ति ही जीवन को सफल एवं मंगलमय बनाती है। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होकर भगवान की लीलाओं का आनंद लेते रहे और वातावरण /"हरे कृष्ण-हरे राम/" के संकीर्तन से गूंजायमान हो उठा। इस अवसर पर ठाकुर जी की रसोई द्वारा प्रसाद वितरण किया गया तथा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल सोनीपत ने संकीर्तन कर भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया।


खरखौदा। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते विष्णु गोस्वामी।


सोनीपत। राम और लक्ष्मण बने कलाकारों के साथ मेयर राजीव जैन।

#### प्रदूषित विचारों को नष्ट करने का संकल्प लें

**सोनीपत।** मनुष्य को लोभ, मोह तथा अहंकार का दहन करना चाहिए तभी रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण के पुतलों के दहन करने का कोई अर्थ है, समाज में चारों तरफ हिंसा, अराजकता, झूठ का बोलबाला है ऐसे में हम कागज के पुतलों को जलाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री ना समझकर अपने अंदर के प्रदूषित विचारों एवं बुराइयों को नष्ट करने का संकल्प लें। उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कामी रोड सिथित रामलीला मैदान में रावण दहन के अवसर पर आयोजित कार्यकर्मों में व्यक्त किये। कविता जैन ने कहा कि विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के तौर पर मनाते हैं । नगर निगम मेयर राजीव जैन ने हर हर शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा नई अनाज मंडी में रावण दहन से पूर्व अपने सम्बोधन में कहा कि आज परिवारों में घरेलु हिंसा, योन उत्पीड़न, दहेज, बलात्कार, भ्रूण हत्या जैसे अपराध बढ़ते जा रहे हैं इसलिए हमें इन्हें ख़त्म करने का संकल्प लेना चाहिए।

#### स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। यह रैली 12 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल अनुप रावत के आदेशानुसार आयोजित की गई। रैली को विद्यालय की प्राचार्या दया दहिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली प्रताप स्कूल से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए बस स्टैंड तक निकाली गई। अपने संबोधन में प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हर नागरिक अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बन सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार भी मौजूद रहे।



खरखौदा। जागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्या दया दहिया।


गोहाना। हवन में पूर्णाहुति देते संत महात्मा व श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

#### शतचंडी यज्ञ में आहुति देकर मांगी मन्नतें

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी में 22 सितंबर से चल रहे शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ पूर्णाहुति डालकर मन्नतें मांगी। महायज्ञ के समापन पर देसी घी का भंडारा लगाया गया। शतचंडी महायज्ञ के लिए मार्गदर्शन महंत बलबीर दास जी महाराज का रहा। यह महायज्ञ गांव में सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर मन्नतें मांगी। यह महायज्ञ पंडित विजय शास्त्री सहित सात पंडितों द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न करवाया गया। शतचंडी महायज्ञ में महंत भूपानंद महाराज, महावीर दास, कृष्णा दास, राजू दास, किशोर दास, प्रधान जस्सा, प्रधान बिन्द्रा, विकास पन्नू, अमन शर्मा, जस्सा, प्रमीत पूनिया, मोहित पूनिया, साधुराम शर्मा, अक्षय बिचपड़ी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चहल समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों मौजूद रहे।

---

### संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित ढाबा परिसर में दुकान चलाने वाले युवक का शव ढाबे के पीछे बने कमरे में संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। मुरथल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। राजस्थान हाल में जीटी रोड स्थित ढाबा निवासी महेंद्र ने बताया कि उसकी ढाबा परिसर में पर्स व चाकलेट की दुकान है। उसकी दुकान पर उसका बेटा योगेश (23) उसका हाथ बटाता था। वह ढाबे के पीछे बने कमरे में रहता था। करीब एक सप्ताह से वह मानसिक परेशान चल रहा था। मानसिक परेशानी के चलते उसने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। फंदे से लटका देखकर मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी।


खरखौदा। श्रवण गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते गोशाला प्रधान।

### धर्मार्थ गोशाला का वार्षिक उत्सव मनाया

**खरखौदा।** सिसाना गोशाला का दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को सम्पन्न हो गया। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और नारायण महाराज ब्रह्म प्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े गऊ भक्तों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर मान-सम्मान दिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि गौसेवा के क्षेत्र में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अथक प्रयासः किए जा रहे है। पंचगव्य उत्पादन के लिए 101 गौशालाओं को 6.5 करोड़ रुपए की मशीनरी अनुदान में दी गई है। पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने 358.5 करोड़ रुपए की चारा अनुदान राशि वितरित की है। 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए गए हैं।

### बाइक का झांसा देकर उड़ाए 97 हजार रुपये

**सोनीपत।** जिले में साइबर अपराधियों की ठगी के नए मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठग लोगों को झांसे में लेकर उनकी दिन-रात कमाइ मेहनत को चटका रहे है। साइबर थाना सोनीपत में दो अलग-अलग शिकायतों के आधार पर करीब आठ लाख 97 हजार रुपये की ठगी के मुकदमे दर्ज किए गए है। दोनों मामलों में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भठगांव डुगरान निवासी किसान बिजेंद्र ने बताया कि 31 अक्तूबर 2024 को उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने खुद को आर्मी ऑनलाइन पोस्टल सर्विस से बताते कहा कि उनके नाम पर बाइक निकली है। इसके लिए फोनपे से 51 हजार मांगे गए। जब बिजेंद्र ने कहा कि बाइक नहीं मंगवाई, तो कैंसिल कराने के नाम पर ओटीपी साझा करने के लिए दबाव बनाया । जैसे ही ओटीपी साझा किया, खाते से 9 ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 97,935 रुपये उड़ा लिए गए।


सोनीपत। नगर निगम के बाहर धरना देते सफाई कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### सफाई कर्मियों ने दशहरे पर मनाया काला दिवस

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना यूनियन ने नगर निगम सोनीपत में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की व संचालन कोषाध्यक्ष अनिल ने किया। यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि आज देश में दशहरे का पावन पर्व है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। आज का दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता हैं। लेकिन देश में सत्ता धारी लोगों द्वारा एक तरफ खुशियां मनाने का ड्रामा किया जाता हैं दूसरी तरफ देश की जनता में उत्पीड़न की वजह से त्राहि - त्राहि मची हुई हैं हजारों साल बाद भी देश का सफाई कर्मचारी भारी उत्पीड़न का सामना कर रहा हैं। आज भी देश के कोने कोने में अपनी समस्याओं को लेकर सफाई कर्मचारी धरने प्रदर्शन कर रहा हैं। ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच ने सरकार के जुमलों की निंदा करते हुए विजय दशमी व गांधी जयंती को अपना धरना जारी रखते हुए काले दिवस के रूप में मनाया।

### भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संस्कृति के साथ आगे बढ़ें

**गोहाना।** रिंढाणा स्थित माता शीतला मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। मंदिर में भागवत कथा शतचंडी महायज्ञ के साथ आयोजित हुई। समारोह के लिए मार्गदर्शन श्रीश्री 1008 महंत भलेगिरी जी महाराज का रहा। कार्यक्रम समापन पर बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल अपनी पत्नी संजीत नरवाल के साथ संत-महात्माओं का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इंदुराज नरवाल ने कहा कि हमारा भारतवर्ष को उसके सांस्कृतिक मूल्यों के कारण ही विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त था। पूरी दुनिया हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के समक्ष नतमस्तक होती थी। हमें अपने भारतवर्ष को उसके खोए हुए इस सम्मान को वापस दिलाने के लिए अपनी संस्कृति के आगे बढना होगा। विधायक इंदुराज नरवाल ने अपनी पत्नी के साथ मंदिर में मत्था टेक कर समाज में सुख-समृद्धि की कामना की।

---

**कार्यक्रम** | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य पथ संचलन का आयोजन

# संघ का राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सेवा भाव के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान : नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जी टी रोड स्थित गुप्ती सागर धाम से भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के कार्यकर्ताओं ने अनुशासित पंक्तियों में ध्वज वंदन और प्रार्थना के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। माहौल देशभक्ति और राष्ट्रभावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। पथ संचलन का शुभारंभ जीटी रोड स्थित गुप्ती धाम से हुआ। हाथों में दंड और अनुशासित वेशभूषा में स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, पालिका रोड से होते हुए गन्नौर गांव स्थित आर्य समाज मंदिर में जाकर संपन्न हुआ। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम /"मन की बात/" के लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पथ संचलन में शामिल होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।


स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के कार्यकर्ता भव्य पथ संचलन के दौरान ।

#### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत

आजाद नेहरा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्षों की यात्रा में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सेवा भाव के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छोकर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना लेकर पहुँचते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संघ का योगदान अविस्मरणीय है। संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित यह पथ संचलन न केवल संघ की गौरवशाली परंपरा को प्रदर्शित करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पथ संचलन को देखने और संघ के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए उमड़े। इसके बाद आर्य समाज मंदिर में सभा का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।


मुख्य अतिथि पार्षद पुनीत का माता रानी के जागरण में समिति सदस्य स्वागत करते हुए।

#### मां के चरणों में नमन कर जगत कल्याण की कामना

**राई।** पूर्वांचल जनित सेवा समिति राई की ओर से वार्ड नंबर 8 स्थित गांव राई में माता रानी के भव्य जागरण एवं भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। समिति द्वारा सजे भव्य मंच पर माता रानी की सुंदर झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निगम पार्षद पुनीत राई पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया और माता रानी के चरणों में नमन कर जगत कल्याण एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य अतिथि पुनीत राई ने समिति के प्रयासों की सराहना करते कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष छोटे लाल, गोलू राजपूत,सिंघराम कौशिक, जयभगवान कौशिक, रमेश कौशिक, सतपाल त्यागी, सूरत धानिया, राजेश त्यागी, अमरीश त्यागी, राकेश कौशिक, मोहित कौशिक, सुरेश त्यागी, योगेश त्यागी, प्रतीक त्यागी, नरेश पंचाल, मोंटी वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समिति ने आए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



गोहाना। महिलाओं को शिक्षा का महत्व समझाते हुए जीआरपी एएसआई पूनम।

### अपना व देश का विकास करना है तो शिक्षित बनें

**गोहाना।** जीआरपी चौकी गोहाना द्वारा शुक्रवार को महिला साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं को शिक्षित बनने के लिए जागरूक किया गया। चौकी एएसआई पूनम ने कहा कि केवल शिक्षा ही विकास का आधार है। हमें परिवार, समाज व देश के उत्थान में सहभागी बनना है तो शिक्षित बनना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक शत-प्रतिशत महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी तब तक समाज व देश का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है। महिला शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित बनते हैं।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा उद्घोषित अपराधी

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफतार किया है। आरोपित पानीपत के कप्तान नगर निवासी गौरव पुत्र हरीश है। आरोपित को न्यायालय के आदेश पर जमानत पर रिहा किया गया। थाना शहर गोहाना में नियुक्त सहायक उप निरिक्षक राधेश्याम ने अपनी टीम के साथ वर्ष 2025 की चेक बाउन्स की घटना में संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। न्यायालय द्वारा आरोपित को 2025 में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था और इस संदर्भ में थाना शहर गोहाना में एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

### घर से एक महिला लापता

**गोहाना।** गांव से महिला घर से लापता हो गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग सात-आठ साल पहले हुई थी और उनके दो लडक़े हैं। 30 सितंबर की सुबह वह काम चर चला गया था और बाद में कपड़े बदलने घर आया तो उसकी पत्नी नहीं मिली। स्वजन ने उनकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी। ग्रामीण ने कहा कि किसी ने अपने फायदे के लिए उसकी पत्नी को छुपा लिया है।

## महात्मा गांधी के प्रयासों से मिली हमें आजादी: कमल दिवान

# महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को किया आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों ने गांधी चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रहे, जबकि इसकी अध्यक्षता शहरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू के योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि महात्मा गांधी के अथक प्रयासों और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने की वजह से ही देश को आज़ादी मिली। कांग्रेस पार्टी गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात करती आई है और आज भी उन्हीं के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भी महात्मा गांधी से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। मुख्य अतिथि सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि महात्मा गांधी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अमर है। आज सोनिया गांधी और राहुल गांधी उन्हीं के आदर्शों पर चलकर कांग्रेस पार्टी को जनसेवा और विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं।

**मुख्य अतिथि सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रहे**



सोनीपत। गांधी चौक पर महात्मा गांधी को नमन करते हुए सांसद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, अशोक छाबड़ा प्रदीप गौतम, अशोक खत्री, जयवीर राठी, जय भगवान अंतिल, पूर्व एचपीएससी सुरेंद्र शर्मा, रणजीत कौशिक, अरुण कौशिक, हरेंद्र राठी, जयवीर अंतिल, प्रेम नारायण गुप्ता, राकेश सौदा, रेखा मलिक ऋतुराज, कमल हसीजा, विक्की पहलवान, विनीत छिकारा, कुलदीप खासा, रणदीप खोखर, बंसीलाल, डा. सतबीर निर्माण, बलराज बामनिया, प्रेम रिलन, कैसी बत्रा, दयानंद वाल्मीकि, बिन्नी भारद्वाज, राकेश नरवाल, लीलू प्रधान, आशा अहलावत, सतपाल कौशिक, धनराज, बलराज अंतिल, जगबीर बागरू, सरदार इंद्रपाल, नीटू, सुरेंद्र भारती, इसाक मदर, कृष्णा बुमराह, धर्मेंद्र हुड्डा, देवेंद्र बुरा, बिजेंद्र मलिक, सुरेंद्र टोंक, मनीष सैनी, प्रशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती प्राचार्या मीनाक्षी खुराना व अध्यापिकाएं।

## राष्ट्रपिता और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन, दी श्रद्धांजलि

- ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में पोस्टर बनाकर महात्मा गांधी व शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी से हमें सीख लेनी चाहिए। प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के अद्भुत सिद्धांतों को याद दिलाया, जिन्होंने पूरी दुनिया को यह सिखाया कि शक्ति का वास्तविक अर्थ हिंसा नहीं, बल्कि सत्यनिष्ठा और धैर्य होता है। विद्यालय में आयोजित जयंती समारोह में अध्यापिका कविता, पूनम, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, रितिका, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, पारस, निशी, पिंकी, अंकिता, मोनिका दूहन, पीटीआई पारस शर्मा, अध्यापक सतीश, वेद प्रकाश गुप्ता सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।



## स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी जरूरी: बड़ौली

- सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सोनीपत में गांधी की प्रतिमा की सफाई की

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गांधी जयंती के अवसर पर सोनीपत में गांधी चौक पर स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा की साफ-सफाई की और झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे "सेवा पखवाड़ा" अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि स्वच्छता का अभियान तभी सफल होगा जब इसमें जन भागीदारी होगी। वहीं संघ के 100 साल पूरे होने पर विजयी दशमी के दिन सोनीपत में पथ संचलन में मोहन लाल बड़ौली अपने पौत्र वीर कौशिक के साथ सम्मिलत हुए।

## पार्क में मनाया गांधी और शास्त्री का जन्मोत्सव



**सोनीपत।** दी हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक परिषद की ओर से वीरवार डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में सभा का आयोजन कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हवा सिंह बोहत ने की, मंच संचालन प्रदेश महासचिव प्रदीप चोपड़ा ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्तयार खान ने शिरकत की। इस मौके पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप चोपड़ा, सलीम खान, यामीन खान, सुबेदार मुखत्यार, मीना, सुरेश कुमार तुषामड़ आदि ने भी अपने विचार रखे।

## शात्री को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मेयर राजीव जैन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गांधी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह 7 बजे साफ सफाई की और गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चौक का रखरखाव करने वाली संस्था भारत विकास परिषद एवं अभिवृद्धि फाउंडेशन द्वारा चौक पर पौधरोपण किया गया।

चार मरला स्थित लाल बहादुर शास्त्री पार्क में नगर निगम मेयर राजीव जैन एवं पार्षद सरदार मंजीत सिंह ने नागरिकों के साथ मिलकर मूर्ति के आसपास एवं पार्क में साफ सफाई की। बाद में लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया गया। कार्यकर्ताओं में नवीन रेलन, राजकुमार कटारिया, सुरेंद्र मदान पार्षद, सुधीर नागपाल, मनोज सपड़ा, जितेंद्र चावला, अमन टुटेजा, पारस हसीजा, परमजीत सिंह अजीत सिंह, ललित तलवार, तरसेम सिंह, राजू, जितेंद्र कामरा अधिक उपस्थित रहे।



सोनीपत। लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## महात्मा गांधी जयंती पर सेवा पखवाड़ा मनाया



**गन्नौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलूगढी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया गया। संस्थान के इंचार्ज अशोक कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी एवं भारतीय संविधान पर प्रतियोगिताएं, छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रुप सॉन्ग एवं डांस प्रतियोगिताएं, स्वच्छता पखवाड़ा, रोजगार मेला, ब्लड कैंप, नशा मुक्ति अभियान, उद्योगों का भ्रमण आदि कराया। संस्थान के वरिष्ठ ई.एस अनुदेशक संजय खासा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में संस्थान में कार्यरत सतेंद्र दहिया सिनियर आर.ए.सी अनुदेशक, कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक सर्वेश कुमार, आईईसी कमेटी के इंचार्ज तेजेंद्र सिंह, मीनाक्षी रानी ई.एस अनुदेशिका, प्रमोद कुमार व नवीन कुमार ने छात्रों को सेवा पखवाड़े के बारे में विस्तार से बताया।

## गांधी व शास्त्री अनमोल रत्न: मलिक

- कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। समारोह में कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि गांधी व शास्त्री भारतीय संस्कृति के दो अनमोल रत्न थे, जिनका आज के ही दिन जन्म हुआ था। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए न केवल देश को स्वतंत्रता दिलाई बल्कि पूरी दुनिया को एक नई जीवन दृष्टि दी। वे नैतिकता और सत्य को राजनीति में स्थापित करने वाले प्रयोग धर्मी महात्मा थे। अध्यक्षता कांग्रेस नेता कृष्ण लाल सैनी ने की।



गोहाना। गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

### यह भी रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने गांधी की तरह सादगी और नैतिकता को जीवन का आधार बनाकर भारत के प्रधान प्रधानमंत्री के रूप में देश को संकट की घड़ी में साहस और विश्वास के साथ आगे बढ़ाया। इस मौके पर डा. सुरेश सेतिया, आजाद सिंह दांगी, जिला पार्षद जय सिंह मलिक व रवि इंदौरा, डा. दिलबाग खान, दलवीर आर्य, बंसी वाल्मीकि, दुष्यंत लठवाल, सतबीर रैबारी, राजपाल कश्यप, जगशेर नूरनखेड़ा व ध्रुव लठवाल उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित सिरसाढ़ मोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण का रोहतक के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जिसे चिकित्सक ने अनफिट बताया।गांव सिरसाढ़ के योगेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह और उसके पिता जोरा सिंह 25 सितंबर को पानीपत से गांव आ रहे थे। वे सिरसाढ़ मोड़ पर इको से उतरे और रोड पार करने लगे। उसी समय गोहाना की तरफ से एक व्यक्ति तेज रफ्तार में लापरवाही से बाइक चलाते हुआ आया और उसके पिता को सीधी टक्कर मार दी। उसके पिता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उनको गांव खानपुर कलां स्थित मेडिकल कालेज से पीजीआई रोहतक रेफर किया। स्वजन उनको निजी अस्पताल लेकर गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## पुरखास के बलजीत राठी बने अध्यक्ष

- भारतीय किसान यूनियन ( चूढनी) की बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

भारतीय किसान यूनियन ( चूढनी) की बैठक में पुरखास गांव के बलजीत राठी को आयोजित की गई। बलजीत राठी को गन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों ने राठी का स्वागत किया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने किसानों के अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। बलजीत राठी ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य किसानों की समस्याओं को उठाना और उनके हक के लिए संघर्ष करना है।



गन्नौर। भारतीय किसान यूनियन ( चूढनी) के गन्नौर ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत राठी का स्वागत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं

भारतीय किसान यूनियन( चूढनी) का किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, और संगठन केवल किसानों के हितों के लिए कार्य करेगा। नई जिम्मेदारी मिलने पर बलजीत राठी ने कहा कि वे संगठन के राज्य अध्यक्ष गुरनाम चढूनी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशों का पालन करते हुए हर स्तर पर किसानों की आवाज उठाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे किसानों की लड़ाई में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएंगे। संगठन किसानों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहेगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन की राह भी अपनाने से पीछे नहीं हटेगा। बलजीत राठी ने प्रवक्ता रती राम, जिला प्रधान सतबीर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष प्रवीन आदि का आभार जताया।

## गीता जयंती एक्सप्रेस में फोन व दस हजार चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल उठे है। गीता जयंती एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में सफर कर रहे एक यात्री का मोबाइल फोन, नकदी और सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तह मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रिंकू शाक्य निवासी हैवतपुर थाना सोनगढ़ी, जिला कासगंज उत्तर प्रदेश गत 6 सितंबर को कुरुक्षेत्र से मथुरा जाने के लिए 11842 गीता जयंती एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे था। यात्रा के दौरान उन्हें नींद आ गई।

इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने उनका सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल फोन सहित, 10 हजार रुपये नकद और एक जोड़ी चप्पल शामिल है। रिंकू शाक्य ने बताया कि जब उनकी नींद खुली तो सामान गायब था। तभी ट्रेन सोनीपत स्टेशन पर शाम करीब 5:40 बजे पहुंची। उन्होंने ट्रेन में काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी लेने और खोजबीन में व्यस्त रहने के कारण वे मथुरा स्टेशन भी पार कर गए और ललितपुर स्टेशन पर उतरकर जीआरपी थाने पहुंचे।

### पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस किया

### मथुरा पुलिस ने भेजा केस

चोरी की वारदात सोनीपत की होने के चलते मथुरा पुलिस ने मामले को सोनीपत जीआरपी के पास भेजा। फिलहाल एएसआई अजय कुमार को मामले की तफ्तीश सौंपी गई है। पुलिस ने घटनास्थल सोनीपत रेलवे स्टेशन पर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जांच अधिकारी का कहना है कि जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में की शिरकत

सेक्टर-15 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत

# वरिष्ठजनों की कड़ी मेहनत और निःस्वार्थ बलिदान ने राष्ट्र के निर्माण में दिया अमिट योगदान : सुरेंद्र पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि वरिष्ठजनों की कड़ी मेहनत और निःस्वार्थ बलिदान ने राष्ट्र के निर्माण में अमिट योगदान दिया है। वरिष्ठजनों के संघर्ष, उनकी विशिष्ट यात्रा और उनकी सफलता को सैल्यूट करता हूं।

विधायक सुरेंद्र पवांर ग्रुप ऑफ सीनियर सिटीजनस वेलफेयर एसोसिएशन सोनीपत के तत्वावधान में सेक्टर-15 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक सुरेंद्र पवांर ने कहा कि वरिष्ठजनों के बगैर हमारा जीवन अधूरा है। वरिष्ठ नागरिक न्याय परायणता, परंपराओं, पारिवारिक सम्मान, संस्कार और ज्ञान के संरक्षक हैं। जिस घर में वरिष्ठ नागरिकों का साया होता है, वहां सभी काम हमेशा अच्छे होते हैं। इसलिए छोटों को हमेशा घर के बड़ों का आदर करना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक ज्ञान, अनुभव और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं, जो परिवार और समाज के लिए एक अनमोल धरोहर हैं। वे सांस्कृतिक और नैतिक विरासत के संरक्षक होते हैं और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का अपना बहुमूल्य अनुभव देते हैं। इस दौरान डॉ. रमेश बत्रा, अनिल सेठ, लाजपत मुखी प्रधान, कमल हसीजा, जोगिंद्र खुराना, राज गुलाटी, सतीश विज, एसबी नंदा, केसी डूडेजा, सुरेश चौधरी, बीआर आहूजा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सोनीपत। एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार। *फोटो: हरिभूमि*

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ किया पौधरोपण




सोनीपत। मेरा युवा भारत सोनीपत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर समाज कल्याण शिक्षा समिति के सहयोग वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपायुक्त प्रबीना ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान वर्द्धाआश्रम में सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने बुजुर्गों के साथ टीवी पर संगीत सुनने का आनंद लिया। इस दौरान जगत सिंह ने कहा की जिस घर मे बुजुर्गों की सेवा होती हैं वो घर स्वर्ग के समान होता हैं। इस दौरान स्टेट अवार्डी बबीता, आश्रम संचालक आनंद दहिया मौजूद रहे।